दिनांकः 27.08.2024 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो का स्थापना दिवस समारोह कल नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह समारोह में शिरकत करेंगे। इस अवसर पर वे डॉक्टर आनंद स्वरूप गुप्ता स्मारक व्याख्यान भी देंगे। इस वर्ष के व्याख्यान का विषय है – नये आपराधिक कानून–नागरिक केन्द्रित सुधार। समारोह के दौरान गृहमंत्री नये आपराधिक कानूनों के बारे में ब्यूरो की पत्रिका इंडियन पुलिस जनरल के विशेषांक का विमोचन भी करेंगे। श्री शाह 2023 और 2024 के लिए विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक विजेताओं को सम्मानित भी करेंगे।

....

पैरालिम्पिक गेम्स 2024 कल से पेरिस में शुरू हो रहे हैं। 8 सितम्बर तक चलने वाले इन खेलों में भारत के 84 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इनमें राजस्थान के नौ खिलाड़ी शामिल हैं। पैरा एथलीट सुंदर सिंह गुर्जर, संदीप चौधरी, अवनि लेखरा, मोना अग्रवाल, रुद्रांश खंडेलवाल और निहाल सिंह अपना भाग्य आजमाएंगे। इसके अलावा बैडमिंटन खिलाडी कृष्णा नागर, अनिता चौधरी तथा तीरंदाज श्याम सुंदर भी भाग ले रहे हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने सोशल मीडिया संदेश में पैरालिम्पिक में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि पूरा देश और प्रदेश उनके साथ है।

....

केन्द्र सरकार द्वारा घोषित एकीकृत पेंशन योजना–यूपीएस से उत्तर पश्चिम रेलवे के लगभग 40 हजार रेलकर्मी लाभान्वित होंगे। इस योजना की जानकारी देने के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे, मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेस का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि इस योजना में मुख्य बिंदु–सुनिश्चत पेंशन, पारिवारिक पेंशन और न्यूनतम पेंशन के प्रावधान है। इस दौरान एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्कीम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

....

आकाशवाणी जयपुर की ओर से आज जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में स्वाधीनता को समर्पित संगीत उत्सव का आयोजन किया जाएगा। रंगायन सभागार में होने वाला ये कार्यक्रम शाम छह बजे से शुरू होगा। इस संगीत उत्सव में प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। ख्यातनाम गायिका सीमा मिश्रा, राजस्थानी गीत तथा गायक रविंद्र उपाध्याय और गौरव जैन सुगम संगीत की प्रस्तुति

देंगे। मोमिन खान का सारंगी वादन होगा और युसूफ खान मेवाती, मेवात के प्रसिद्ध लोक वाद्य भपंग वादन की प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम में लोगों का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

....

राज्य में पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हुई। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार पूर्वी राजस्थान में कहीं–कहीं पर भारी से अति भारी बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा 20 सेंटीमीटर बारिश बांसवाडा के बागीदौरा में रिकॉर्ड की गई। जिले के सल्लोपाट और शेरगढ़ में 17–17 सेंटीमीटर, डूंगरपुर के धंबोला में 14 और वेजा में 13, चिकली में 9, जयपुर के सांगानेर में 7, उदयपुर के खेरवाडा में 6 सेंटीमीटर पानी बरसा। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आज भी राज्य के अधिकांश जिलों में बारिश का पूर्वानुमान है।

....

प्रदेशभर के कृष्ण मंदिरों में आज नंदोत्सव की धूम है। जयपुर के गोविंद देवजी मंदिर में भगवान का फूलों से विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई। नंदोत्सव के तहत मंदिर में लोगों को कपड़े, फल, टॉफी और बिस्किट के पैकेट बांटे गए। दोपहर बाद गोविंद देवजी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। ये शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से रवाना होगी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए श्री गोपीनाथ मंदिर पहुंचेगी। शोभायात्रा को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये हैं। इसके साथ ही चार दीवारी में यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है। राजसमंद के नाथद्वारा में श्रीनाथजी की मनोरम झांकी सजाई गई है तथा विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। चित्तौडगढ के सांवलिया सेठ और सीकर के खाटूश्यामजी मंदिर में भी दूर दूर से श्रद्धालु पहुंचे हैं। झालावाड़ के द्वारिकाधीश मंदिर तथा करौली के मदनमोहन जी मंदिर में नंदोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है।
भरतपुर के किला स्थित बांके बिहारी मंदिर, और नदिया गोपाल मंदिर में फूल बंगला झांकी सजाई गई है। श्रद्धालु बधाई गीत गाकर कृष्ण जन्म की खुशियां मना रहे हैं।

....

गोगा नवमी पर आज प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर लोक देवता गोगाजी की आराधना की जा रही है। चूरू के ददरेवा गांव और हनुमानगढ के गोगामेड़ी में गोगाजी का मेला भर रहा है। मेलों में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। पाली के केसरिया कंवर महाराज मंदिर में गोगा जी का विशेष श्रृंगार किया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गोगा नवमी की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया संदेश में सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बने रहने की कामना की।

....